उत्तर प्रदेश शासन

हथकरघा वस्त्रोद्योग अनुभाग

संख्या-20/1033/63-व0उ0-2015-प्रशासनिक सुधार-25(10)/11

लखनऊ: दिनांक 27 अगस्त, 2015

कार्यालय ज्ञाप

प्रशासनिक सुधार अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-458/43-1-2012-25(10)/2011, दिनांक 21.03.2012 द्वारा श्री तेजस्कर पाण्डेय, सहायक निदेशक, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग, गोरखपुर परिक्षेत्र, गोरखपुर को उप सचिव, राज्य सूचना आयोग के पद पर 03 वर्ष के लिये प्रतिनियुक्ति की गयी। श्री पाण्डेय को कार्यभार ग्रहण करने हेतु हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-415/63-व0उ0-2012-आर.-3 सी.एम./06, दिनांक 09.05.2012 के द्वारा कार्यमुक्त किया गया। तदोपरान्त श्री तेजस्कर पाण्डेय ने दिनांक 11.05.2012 को उप सचिव, राज्य सूचना आयोग, लखनऊ के पद पर कार्यभार ग्रहण किया गया।

2- श्री तेजस्कर पाण्डेय की उप सचिव के पद पर 03 वर्ष की प्रतिनियुक्ति अवधि पूर्ण होने के उपरान्त सचिव, राज्य सूचना आयोग के पत्र संख्या-625/रा0सू0आ0/2015, दिनांक 24.06.2015 में किये गये अनुरोध के दृष्टिगत वित्त (सामान्य) अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-जी-1-176/दस-99-534(46)/76टी0सी0, दिनांक 16.03.1999 में प्राविधानित व्यवस्था के अनुसार श्री तेजस्कर पाण्डेय, उप आयुक्त, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग, उ0प्र0, कानपुर की उप सचिव, राज्य सूचना आयोग, लखनऊ के पद पर प्रतिनियुक्ति अवधि को 02 वर्ष के लिये बढाये जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त शासनादेश दिनांक 16.03.1999 में विहित प्राविधानों के अनुसार कुल 05 वर्ष की अवधि पूर्ण हो जाने के उपरान्त किसी भी दशा में प्रतिनियुक्ति अवधि को नहीं बढाया जायेगा। श्री तेजस्कर पाण्डेय, उप सचिव, राज्य सूचना आयोग, लखनऊ के पद पर यथावत कार्य करते रहेंगे।

राज बहादुर
अनु सचिव।

पृष्ठांकन संख्या-1033(1)/63-व0उ0-2015-प्रशासनिक सुधार-25(10)/11, तददिनांक-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1- महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- प्रमुख सचिव, प्रशासनिक सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन।
3- सचिव, राज्य सूचना आयोग, लखनऊ।
4- आयुक्त एवं निदेशक, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग, उ0प्र0, कानपुर।
5- कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
6- लेखाधिकारी, राज्य सूचना आयोग।
7- सम्बन्धित अधिकारी- श्री तेजस्कर पाण्डेय, उप आयुक्त, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग, उ0प्र0, कानपुर/उप सचिव, राज्य सूचना आयोग, लखनऊ।
8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
राज बहादुर
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in